सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 356 | इंदौर, शुक्रवार 11 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## इंदौर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव आज, मुख्यमंत्री होंगे शामिल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में शुक्रवार को मध्य प्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 आयोजित हो रही है। इसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल होंगे। सिटीज ऑफ टुमारो की थीम पर आयोजित इस कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री होटल, पर्यटन, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के प्रमुख निवेशकों से संवाद करेंगे। यह आयोजन प्रदेश में शहरी विकास के ब्लूप्रिंट और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित रहेगा।**

इस आयोजन में देश के डेढ़ हजार से अधिक निवेशकों, उद्योगपतियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों की सहभागिता होगी। मुख्यमंत्री दोपहर 1:30 बजे कॉन्क्लेव स्थल पर पहुँचकर एक्जीबिशन का अवलोकन करेंगे। उसके बाद विशिष्ट अतिथियों के साथ बैठक करेंगे। दोपहर तीन बजे दीप प्रज्वलन के साथ कॉन्क्लेव का शुभारंभ होगा।

कॉन्क्लेव में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय और नगरीय प्रशासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। आयोजन में क्रेडाई, नगर निगम, आईडीए, स्मार्ट सिटी, हाउसिंग बोर्ड, मैट्रो, हुडको, एलआईसी सहित कई संस्थाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।कॉन्क्लेव में चार तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। जिसमें अलग-अलग विषयों पर विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे।

प्रदेश में मेट्रो, ई-बस, मल्टीमॉडल हब, अफोर्डेबल हाउसिंग, वॉटरफ्रंट डेवेलपमेंट, सीवेज नेटवर्क, ई-गवर्नेंस, स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, स्मार्ट रोड्स जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं हैं। प्रदेश में अफोर्डेबल हाउसिंग में 8 लाख 32 हजार से अधिक किफायती आवास तैयार किए जा चुके हैं।

नगरीय क्षेत्रों में स्थानीय निकायों में 23 सेवाएं ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। नगरीय निकायों में सेन्ट्रलाइज पोर्टल के माध्यम से मंजूरी दी जा रही है। प्रदेश के बड़े शहरों में 552 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया जा रहा है। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी-2025 लागू की गई है। अफसरों का कहना है कि इंदौर में आयोजित यह ग्रोथ कॉन्क्लेव न केवल प्रदेश की शहरी योजनाओं को रफ्तार देगा, बल्कि निवेशकों को एक मजबूत और विश्वसनीय मंच भी प्रदान करेगा।

# प्रदेश में रिक्त पदों पर जल्द होगी भर्ती

### सीएम ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि शासकीय विभागों में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों की निरंतरता से विभागों के कार्यों में गति आती है और सेवाओं की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। पदोन्नति प्रक्रियाओं के सुचारू संचालन से भी नियुक्तियों में तेजी आई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को समत्व भवन में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों में भर्ती की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।**

उन्होंने कहा कि नियुक्तियों की कार्यवाही की मुख्य सचिव और सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव स्तर पर निरंतर समीक्षा की जाए। इसके साथ ही विभागों से पालन प्रतिवेदन भी समय पर प्राप्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस कार्य को समन्वय के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूरा किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग संजय कुमार शुक्ल ने लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन मंडल सहित अन्य माध्यमों से चल रही भर्तियों की स्थिति से अवगत कराया।

### पेंट घोटाले के बाद काजू-किशमिश-बादाम घोटाला!

# अधिकारी गटक गए 6 लीटर दूध और 5 KG चीनी से बनी चाय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी। जिले में पिछले दिनों स्कूल में हुए पेंट घोटाले का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि एक और ऐसा ही नया घोटाला सामने आया है। एक गांव में सरपंच ने जल गंगा संवर्धन अभियान के नाम पर आला अधिकारियों को एक घंटे के अंदर 5-5 काजू, बादाम और 3 किलो किशमिश खिलाने का बिल लगाया और पैसे निकाल लिए।**

दरअसल, शहडोल जिले के गोहपारू जनपद की ग्राम पंचायत भदवाही में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल चौपाल का आयोजन किया गया था। इस चौपाल में जिले के बड़े अधिकारियों से लेकर छोटे कर्मचारी और ग्रामीण भी शामिल हुए थे। चौपाल का मकसद था गांव-गांव जाकर लोगों को जल बचाने के लिए प्रेरित करना। लेकिन चौपाल के नाम पर पंचायत रजिस्टर में जो खरीदारी दर्ज है, वह किसी शादी के खर्च से कम नहीं है।




### मेहमान नवाजी में खर्च हुए 19 हजार रुपए

सरपंच और सचिव ने मेहमानों के लिए 5 किलो काजू, 5 किलो बादाम, 3 किलो किशमिश, 30 किलो नमकीन, 20 बिस्कुट के पैकेट, 6 किलो दूध और 5 किलो शक्कर खरीदी। इस मेहमान नवाजी पर कुल 19,010 रुपये खर्च हुए। यह मामले सामने आते ही हड़कंप मच गया है। एक तरफ गांव के कुएं, तालाब और नाले सूखे पड़े हैं। वहीं, दूसरी ओर अधिकारियों की मेज पर काजू-बादाम की बारिश हो रही है।

इस पूरे मामले पर जिला पंचायत प्रभारी CEO मुद्रिका सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। उसमें हम लोग भी थे, ग्रामीण जन भी थे, जिससे चाय नाश्ते के खाने की व्यवस्था तो की गई थी, लेकिन काजू बादाम, किशमिश का इस तरह के बिल लगे है, उसका मामला संज्ञान में आया है। मामले को दिखवाते है।

### जल बचाने के चक्कर में अधिकारी खा रहे मेवा

बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की है। उनकी मंशा अच्छी है। लेकिन अगर सरकारी कर्मचारी इसे 'खर्च संवर्धन योजना' बना लेंगे, तो जनता का भरोसा कैसे बचेगा? ग्राम पंचायत भदवाही में अधिकारियों की चाय-बिस्कुट से बढ़कर काजू-बादाम और किशमिश तक की आवभगत की गई। ऐसे में जब अधिकारी जल बचाने के लिए मेवे खा रहे हैं, तो जनता यही कहेगी कि 'साहब, हम तो पानी ढो रहे हैं, आप हमारी थाली भी खाली कर गए...'

# इंदौर से प्रदेश और बाहर तक जाती हैं राखियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन इस वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाएगा। पर्व को देखते हुए इंदौर के रानीपुरा क्षेत्र में राखियों का होलसेल बाजार सज गया है। यहां की दुकानों में विभिन्न डिजाइनों की राखियों की भरमार है और खरीददारों की भीड़ भी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। आने वाले दिनों में यही रौनक शहर के प्रमुख बाजारों, गलियों और चौराहों पर भी देखने को मिलेगी।**



इंदौर हमेशा से प्रदेशभर में राखियों की आपूर्ति का केंद्र रहा है, ऐसे में यहां का बाजार पूरे राज्य के व्यापार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रानीपुरा के व्यापारी राजेश जोशी ने बताया कि इंदौर न केवल स्थानीय जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश और उससे बाहर के राज्यों में भी राखियों की आपूर्ति करता है। शहर में महीनों पहले से राखियों का निर्माण शुरू हो जाता है। हालांकि, बीते दो से तीन वर्षों में राखी के दामों में विशेष अंतर नहीं आया है, लेकिन बाजार में प्रतिस्पर्धा अब गुजरात से भी होने लगी है। इस वर्ष भी बाजार में डायमंड, स्टोन, फैंसी डोरी, और बच्चों के पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स वाली राखियों के साथ ही थीम बेस्ड राखियों की विविध रेंज उपलब्ध है। अन्य व्यापारियों ने बताया कि रक्षाबंधन से दो-तीन दिन पहले स्थानीय बाजारों में खरीददारी का माहौल चरम पर रहेगा। रानीपुरा इंदौर का सबसे बड़ा राखी कारोबार केंद्र है। यहां केवल इंदौर में बनी राखियां नहीं बल्कि कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, राजकोट और अहमदाबाद से भी राखियां मंगाई जाती हैं। इन राखियों की कीमत उनके निर्माण में प्रयुक्त सामग्री और पैकिंग की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। इस साल बाजार में 5 रुपये से लेकर 1200 रुपये प्रति दर्जन तक की राखियां उपलब्ध हैं। हालांकि रानीपुरा एसोसिएशन से जुड़े व्यापारियों के अनुसार, कुछ पुराने ग्राहक अब इंदौर के बजाय सीधे अहमदाबाद से खरीदारी करने लगे हैं, जिससे इंदौर के होलसेल बाजार पर असर पड़ा है। इंदौर के विभिन्न क्षेत्रों में राखियों का निर्माण एक घरेलू उद्योग के रूप में चलता है। रक्षाबंधन से करीब दो महीने पहले ही बड़ी संख्या में महिलाएं और परिवार कच्चा माल लेकर राखियों को बनाना और पैक करना शुरू कर देते हैं। इन राखियों के निर्माण के लिए राजकोट और दिल्ली से बड़ी मात्रा में कच्चा माल मंगवाया जाता है। इंदौर के कई घरों में महिलाएं इस कार्य में संलग्न हैं और अब यह काम अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। इससे न केवल स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलता है, बल्कि इंदौर की राखियां पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान भी बनाए रखती हैं।

## शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र. 2 में गुरुपूर्णिमा उत्सव गरिमामय रुप से सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शुद्ध भाव स्व तेरा ध्यान लगाएं हम, विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम' इन भावपूर्ण पंक्तियों के साथ शा. सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में गुरुपूर्णिमा उत्सव पूरे श्रद्धा भाव और गरिमा के साथ मनाया गया।**

विद्यालय के प्राचार्य दीपक हलवे ने जानकारी दी कि कार्यक्रम का आयोजन छात्राओं द्वारा संयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपने गुरुजनों का पूजन कर उन्हें सम्मान अर्पित किया। सभी छात्राओं ने सामूहिक रूप से एक भावविभोर कर देने वाला गीत प्रस्तुत कर अपने गुरुजनों के प्रति आदर और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में छात्राएं दीपशिखा रघुवंशी, प्रगति बर्डे, नेहा गुप्ता, प्राची प्रजापत, रानी धीमान, पिंकी धुर्वे, रिया नागोरी, भावना प्रजापत, सृष्टि रघुवंशी, कोमल सोलंकी और ज्योति कुर्मी ने भी अपने विचार व्यक्त कर गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता को रेखांकित किया। उत्सव के अंतर्गत एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका शिक्षिका श्रीमती सुषमा राठौर रहीं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने स्कूलों में गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए थे।

# सांवेर में बीजेपी की जमानत जब्त

## मंत्री सिलावट की विधानसभा मे बीजेपी वार्ड उप चुनाव हारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के विधानसभा क्षेत्र सांवेर में हुए एक वार्ड के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई है। सांवेर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 7 के लिए उपचुनाव हुआ था। इस वार्ड में कुल 1300 मतदाता हैं। उपचुनाव में 1044 मतदाताओं द्वारा मताधिकार का उपयोग किया गया। आज हुई मतगणना में कांग्रेस प्रत्याशी हसीना बी को 913 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी को मात्र 117 वोट मिले। इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी ने 796 वोटों से जीत दर्ज की है।



सांवेर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी रही रीना बौरासी सेतिया ने बताया कि भाजपा के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई है। क्षेत्र में जनता की समस्याओं की अनदेखी किए जाने और प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीति के कारण भाजपा को इस हार का सामना करना पड़ा है। इस वार्ड के 14 मतदाताओं द्वारा नोटा को वोट दिया गया। वहीं गौतमपुरा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 में भी उपचुनाव हुआ। इस उपचुनाव में 617 मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। आज की मतगणना में भाजपा प्रत्याशी शंकर ठेकेदार को 429 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र राठौर को मात्र 179 वोट मिले। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी ने 250 वोटों से जीत दर्ज की है। इस विधानसभा सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी रहे विशाल पटेल पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक सांवेर के वार्ड 7 में 75.32 प्रतिशत तो गौतमपुरा में 81.39 प्रतिशत मतदान हुआ था। सांवेर में सुबह 9 बजे 123, 11 बजे 445, 1 बजे तक 774, 3 बजे 935 और शाम 5 बजे तक 1044 मतदाताओं ने मतदान किया था। इसमें 538 पुरुष और 506 महिलाएं शामिल थीं। इसी तरह गौतमपुरा में कुल 617 ने वोटिंग में हिस्सा लिया था, इसमें 314 पुरुष और 303 महिलाएं शामिल हैं। यहां भी सुबह 9 बजे तक 158, 1 बजे 517, 3 बजे 582 और 5 बजे तक 617 ने वोट दिए थे। सांवेर के वार्ड क्रमांक 7 में 1386 तथा गौतमपुरा के वार्ड क्रमांक 15 में 758 कुल मतदाता थे।

## पत्नी ने दी पति को धमकी- 'सोनम का केस भूल गया क्या'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अपने पति राजा रघुवंशी की हनीमून के दौरान हत्या करने वाली सोनम को लेकर अब धमकियां देने का मामला सामने आया है। इंदौर में एक पति ने अपनी पत्नी पर आरोप लगाया कि उसका पत्नी के मकान मालिक के साथ अफेयर चल रहा है। मुझे यह बात पता चली तो मैने दोनों का विरोध किया। इसके बाद पत्नी ने मुझे धमकी दी कि -' सोनम का केस भूल गया क्या' । इस मामले में पति ने पुलिस थाने में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दीपक साहू ने बताया कि उसका सात साल पहले विवाह हुआ था। दोनों की छह साल का एक लड़का भी है। शादी के एक साल बाद ही पत्नी का मकान मालिक से अफेयर शुरू हो गया। मैने पत्नी को मना किया, लेकिन वह नहीं मानी। हाल ही में जब फिर मैने दोनों के बीच चल रहे अफेयर का विरोध किया तो पत्नी ने मुझे धमकियां देना शुरू कर दी। मकान मालिक भी उसका साथ देता है। पत्नी ने मुझे कहा कि वह सोनम की तरह उसकी हत्या कर देगी।

# बिजली गुल मामले में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** 4 मई को इंदौर और उज्जैन संभाग में तेज हवा के साथ शाम को बारिश हुई। उस दिन नीट की परीक्षा भी थी। बिजली गुल होने से परीक्षा हॉल में अंधेरा हो गया। पेपर खराब होने की वजह से स्टूडेंट रोते हुए बाहर निकले थे। कुछ छात्रों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।



परीक्षा केंद्रों की बिजली गुल होने के कारण ठीक से परीक्षा नहीं दे पाए नीट के विद्यार्थियों की परीक्षा दोबारा कराने के मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हुई। दो घंटे तक बहस चली। इसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया। विद्यार्थियों की तरफ से वकील ने सुनवाई में कहा कि यदि दोबारा परीक्षा नहीं होती है तो छात्रों का भविष्य खराब हो जाएगा। इंदौर- उज्जैन संभाग के 75 स्टूडेंट खराब मौसम के कारण गुल हुई बिजली से प्रभावित हुए। वे ठीक से पर्चा नहीं दे पाए थे। इस मामले में कुछ स्टूडेंटों ने कोर्ट में याचिका लगाई थी। कोर्ट में नीट की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मजबूती से अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में एक समय पर परीक्षा हुई। जिसमें 20 लाख से ज्यादा अभ्यार्थी शामिल हुए। जिन सेंटरों पर परीक्षा प्रभावित होने की बात की जा रही है। वहां भी पॉवर बैकअप था। दूसरी तरफ अभ्यार्थियों के वकील ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था नही थी, जबकि नीट ने परीक्षा फीस के तौर पर 350 करोड़ रुपये लिए। व्यवस्था का भौतिक सत्यापन भी नहीं किया गया। उन्होंने नीट की रिपोर्ट पर भी सवाल उठाए। 4 मई को इंदौर और उज्जैन संभाग में तेज हवा के साथ शाम को बारिश हुई। उस दिन नीट की परीक्षा भी थी। बिजली गुल होने से परीक्षा हॉल में अंधेरा हो गया। पेपर खराब होने की वजह से स्टूडेंट रोते हुए बाहर निकले थे। कुछ छात्रों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। कोर्ट ने प्रभावित छात्रों की री-एक्जाम कराने के आदेश दिए थे। इस आदेश के खिलाफ नीट की तरफ से वकील ने अपील की थी। इसके बाद फिर से एक्जाम करने के फैसले पर कोर्ट ने स्टे दिया था। इसे लेकर प्रभावित स्टूडेंटों ने फिर कोर्ट मे अपील की थी। जिस पर गुरुवार को अंतिम सुनवाई हुई।

## परीक्षाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग 15 जुलाई से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, इंदौर द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (पीएससी) की प्री एवं मेंस परीक्षा की नि:शुल्क कोचिंग 15 जुलाई 2025 से प्रारंभ की जा रही है। इस कोचिंग के लिए पात्र अभ्यर्थियों को शीघ्र आवेदन कर दस्तावेजों सहित संस्था में 14 जुलाई 2025 तक पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। प्राचार्य श्रीमती आशा चौहान ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य योग्य व इच्छुक अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन व संसाधन प्रदान करना है। पात्रता नियम व आवेदन पत्र संस्था से प्राप्त किए जा सकते हैं।

# मंदिरों और आश्रमों में श्रद्धालुओं की भीड़

## पूर्णिमा पर जगह-जगह हुआ पाद पूजन और भजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया gya। मंदिरों के साथ कई संस्थानों में भी गुरु पूर्णिमा के पर्व पर बड़ी संख्या में भक्त अपने गुरुओं का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे है।**

इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर की बात करें तो यहां पर गुरु पूर्णिमा का पर्व पूरे भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। मंदिर के मुख्य पुजारी पं.दीपेश व्यास का आशीर्वाद लेने के साथ ही भक्तों ने गुरु पाद पूजन किया। वहीं श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में भी भक्तों की लंबी-लंबी कतार गुरु पूजन के लिए लगी हैं। रणजीत हनुमान मंदिर में सुबह करीब 10 बजे गुरु पूर्णिमा का आयोजन शुरू किया गया। मंदिर के पुजारी पं.दीपेश व्यास अपने भक्तों को आशीर्वाद देते नजर आए। वहीं भक्तों ने उनका पाद पूजन किया। किसी ने उन्हें माला पहनाई तो कोई उनके लिए उपहार लेकर आया तो किसी ने आरती की। यहां पर कुछ स्कूल के बच्चे भी पहुंचे, जिन्होंने पंडित व्यास का पूजन किया। वेंकटेश मंदिर छत्रीबाग में नागोरिया पीठाधीश्वर स्वामी श्री विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज का चरण पाद पूजन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्तों का तांता लगा। भक्त अपने साथ आरती की थाली भी लेकर पहुंचे। यहां पर गुरु पूजन करने के लिए भक्तों की लंबी लाइन लगी। एक तरफ यहां भजन चल रहे थे, वहीं दूसरी तरफ भक्त महाराज जी का आशीर्वाद ले रहे थे। सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। शाम तक बड़ी संख्या में भक्त यहां गुरु पूजन करने पहुंचेंगे। इसके अलावा शहर में कई जगह गुरु पूर्णिमा पर गुरु पूजन का आयोजन किया जा रहा है। अन्नपूर्णा आश्रम पर आद्यगुरु शंकराचार्यजी की सनातन शिष्य परंपरा का अनुसरण करते हुए भगवती राज राजेश्वरी अन्नपूर्णा की अनुकंपा से गुरु पूर्णिमा महापर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार को आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरा नंद गिरी के सान्निध्य में ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर एवं आश्रम के संस्थापक स्वामी प्रभा नंद गिरी महाराज की समाधि पूजन एवं इसके बाद गुरु पूजन का आयोजन किया।



## गुरुपूर्णिमा पर पर्यावरण की सेवा आबकारी विभाग ने लगाए 51 पौधे

### रसोमा चौराहे के पास संत निरंकारी गार्डन में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम



इंदौर। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर आबकारी विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए मंगलवार को संत निरंकारी गार्डन, रसोमा चौराहे के पास 51 पौधे रोपे गए। इस अवसर पर करंज, महोगनी, जामुन, सिंदूर और मोर्सली जैसे छायादार और औषधीय महत्व के पौधों का चयन किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी की विशेष उपस्थिति रही। उनके साथ सहायक जिला आबकारी अधिकारी (कंट्रोलर) देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल, उपनिरीक्षक मनमोहन शर्मा, महेश पटेल, निहाल सिंह बुंदेला, विपुल खरे, अरविंद पंवार, अनिल भालसे, सचिन बडोने, ब्रजेश गोयल सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता में सरताज बने इंदौर का दावा इस बार भी मजबूत... सूरत से कड़ी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छ भारत रैंकिंग के परिणाम इस माह 17 जुलाई को आ रहे हैं। दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में स्वच्छता की रैंकिंग की घोषणा की जाएगी। सात साल से लगातार देश में स्वच्छता में सरताज बने इंदौर का दावा इस बार भी मजबूत है, लेकिन सूरत की तरफ से कड़ी टक्कर इंदौर को मिल रही है।**

इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण भी देरी से हुआ। इस कारण परिणाम भी देरी से आ रहे है। विजेता शहरों को राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन में शामिल होने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर के मेयर पुष्य मित्र भार्गव और अन्य अधिकारी जाएंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा। इंदौर को पिछली बार संयुक्त रूप से सूरत के साथ अवार्ड मिला था। इस बार सूरत की भी कोशिश है कि वह अकेला स्वच्छता की पहली रैंकिंग पाए। सूरत ने कचरे से कमाई के मामले में बेहतर काम किया है। इंदौर में भी सीएनजी गैस का प्लांट लगाया गया, लेकिन वह ठीक से काम नहीं कर पा रहा है। स्वच्छता के लिए घर-घर कचरा संग्रहण इंदौर की सबसे बड़ी ताकत है। ज्यादातर शहर इसे मजबूत नहीं कर पाए है। इंदौर में कचर पेटियां ही नहीं है। शत-प्रतिशत कचरा घरों से निकल कर सीधे ट्रेंचिंग ग्राउंड तक जाता है। पिछले साल सूरत ने 30 वार्डो को अलग-अलग जनप्रतिनिधियों को गोद दिया था और वहां घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था मजबूत की थी। इंदौर के साथ 12 शहर स्वच्छता लीग में शामिल है। इनमें सूरत, नवी मुंबई, चंडीगढ़, नोएडा, तिरुपति, अंबिकापुर, नई दिल्ली जैसे शहर शामिल हैं। केंद्रीय शहरी मंत्रालय ने इस बार इन शहरों की स्वच्छता आंकने के लिए 28 बिन्दू तय किए गए थे। स्वच्छता के अलावा कचरे का निपटान, कचरे का फिर से उपयोग, नदी-नालों की सफाई सहित अन्य बिन्दू के हिसाब से नंबर मिले। पब्लिक फीडबैक के अंक भी सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है।



## सोनम रघुवंशी को फोन करने की अनुमति मिली...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजा रघुवंशी हत्याकांड में शिलांग जेल में बंद सोनम रघुवंशी को एक राहत मिली है। उसे हफ्ते में एक बार फोन करने की इजाजत दी गई है। सोनम ने अब तक तीन बार फोन किया है और अपने परिवार से बात की है। हालांकि, उसने अपने भाई गोविंद से बात की है या नहीं, यह अभी तक पता नहीं चल पाया है।**

वहीं, राजा के परिवार वाले सोनम और उसके प्रेमी राज कुशवाह का नार्को टेस्ट करवाने की मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि राजा की हत्या की असली वजह अभी तक सामने नहीं आई है। 23 मई को सोनम और राजा शादी के बाद शिलांग घूमने गए थे, जहां सोनम के प्रेमी राज और उसके दोस्तों ने राजा की हत्या कर दी थी। सोनम रघुवंशी, जो राजा रघुवंशी हत्याकांड के सिलसिले में शिलांग जेल में बंद है, उसे अब हर हफ्ते एक बार फोन करने की अनुमति मिल गई है। जेल से उसने अब तक तीन बार कॉल किया है। इन कॉल्स में उसने अपने परिवार के सदस्यों से बातचीत की है। लेकिन, उसने अपने भाई गोविंद से बात की है या नहीं, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। सोनम के भाई गोविंद ने पहले कहा था कि वह पुलिस जांच पूरी होने के बाद अपनी बहन से मिलने शिलांग जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि वह सोनम से बात करने के बाद ही यह तय करेंगे कि उसे बचाने के लिए किसी वकील को नियुक्त करना है या नहीं। गोविंद ने बताया था कि कई वकीलों ने उससे संपर्क किया है, लेकिन उसने सभी को कुछ समय इंतजार करने के लिए कहा है। सोनम ने फोन पर अपने परिवार से क्या बात की, यह अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस बारे में सोनम के परिवार वालों ने भी कोई जानकारी नहीं दी है। सोनम को हफ्ते में एक बार कॉल करने की अनुमति मिली है और वह अब तक तीन बार कॉल कर चुकी है। राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम रघुवंशी, राज कुशवाह, विशाल चौहान, आनंद कुर्मी और आकाश राजपूत शिलांग जेल में बंद हैं। राजा के परिवार वाले लगातार सोनम और उसके प्रेमी राज का नार्को टेस्ट करवाने की मांग कर रहे हैं। राजा के भाई विपिन ने कहा है कि वे वकीलों के माध्यम से मेघालय कोर्ट में अर्जी दाखिल कर आरोपियों का नार्को टेस्ट कराने की मांग करेंगे। उनका मानना है कि अभी तक राजा की हत्या की सही वजह सामने नहीं आई है।



## महिला ने खाया जहर... मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विजयनगर इलाके में रहने वाली एक 52 वर्षीय महिला ने जहर खा लिया था। इलाज के दौरान बुधवार को एमवाय अस्पताल में उसकी मौत हो गई। महिला का नाम पार्वती काछी था, जो अपने पति राधेश्याम के साथ अंजनी नगर में रहकर आलू-प्याज बेचने का काम करती थी। परिवार के अनुसार, पार्वती ने दो दिन पहले जहर खाया था, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। सूत्रों के अनुसार, पार्वती का बेटा करिश्मा किन्नर समुदाय से जुड़ा है। हाल ही में नंदलालपुरा इलाके के कुछ किन्नर जबरन उसे अपने साथ ले जाने की कोशिश कर रहे थे। करिश्मा ने इसकी शिकायत भी पुलिस में की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों का कहना है कि इसके बाद से किन्नर पार्वती के घर बार-बार आकर धमकियां दे रहे थे। इससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगी थीं। आशंका है कि इसी तनाव में आकर उन्होंने यह कदम उठाया। विजयनगर पुलिस ने फिलहाल धमकी वाले मामले की पुष्टि नहीं की है, लेकिन पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। पार्वती के आत्महत्या करने की असली वजह क्या थी, यह पता लगाने के लिए पुलिस परिवार से भी बातचीत कर रही है।

# मध्यप्रदेश के 20 जिलों में आज अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

## अगले चार दिन बदला रहेगा मौसम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने की वजह से लगातार बारिश का दौर चल रहा है। कई जिलों में भारी बारिश से नदियां उफान पर है। लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शुक्रवार के लिए 20 जिलों में अति भारी बारिश और 12 जिलों में भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। जिन जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, उनमें जबलपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल और नर्मदापुरम जिले शामिल हैं। ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, विदिशा, रायसेन, नरसिंहपुर में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। भोपाल, इंदौर समेत अन्य जिलों में भी हल्की बारिश का दौर जारी रह सकता है।

### रीवा में 9 घंटे में ढाई इंच से ज्यादा बारिश

गुरुवार को प्रदेश के 15 जिलों में बारिश हुई। नदी-नाले उफान पर आ गए। मंडला समेत कई जिलों में नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इस वजह से कई गांवों में बाढ़ के हालात हैं। शिवपुरी और ग्वालियर की सीमा पर बना हरसी बांध लबालब भर गया है। बांध से पानी का ओवरफ्लो होना शुरू हो गया है। इससे दोनों जिलों के करीब 20 गांव में पानी भरने का खतरा बढ़ गया है। ग्वालियर और रीवा में 9 घंटे में ढाई इंच पानी गिर गया। दतिया में पौन इंच, टीकमगढ़, सतना और छतरपुर के खजुराहो में आधा इंच पानी गिरा। सीधी, गुना, सागर, उमरिया, दतिया, मऊगंज, दमोह, सिवनी, मऊगंज में भी बारिश का दौर जारी रहा।



### अगले 2 दिन में सिस्टम और भी होगा स्ट्रॉन्ग

अगले 2 दिन में सिस्टम और भी स्ट्रॉन्ग होगा, जिससे भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल में भी तेज बारिश का दौर चलेगा। मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश में 3 टर्फ का असर है। वहीं, लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) की एक्टिविटी भी सामने आई है। इसके चलते बारिश का दौर बना हुआ है।

### अगले तीन दिन ऐसा रहेगा मौसम

**11, जुलाईः** जबलपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल और नर्मदापुरम में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, विदिशा, रायसेन, नरसिंहपुर। प्रदेश के बाकी के जिलों में भी हल्की बारिश का यलो अलर्ट है।

**12 जुलाईः** जबलपुर, दमोह, कटनी, मंडला, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, देवास, हरदा, बैतूल, सीहोर, रायसेन, विदिशा, सागर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, दतिया, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी, उमरिया, छतरपुर, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा और मऊगंज। बाकी के जिलों में भी बारिश का यलो अलर्ट है।

**13 जुलाईः** इंदौर, उज्जैन, रतलाम, धार, खरगोन, खंडवा, हरदा, देवास में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, नीमच, मंदसौर, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, विदिशा, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, सागर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना, दतिया, दमोह, सिवनी, बालाघाट। बाकी बचे जिलों में भी हल्की बारिश का यलो अलर्ट है।

---

# पशुपतिनाथ मंदिर के गर्भगृह में युवती ने बनाई रील



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** पशुपतिनाथ मंदिर के गर्भ गृह से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें युवती भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिमा के सामने रील बनाती नजर आ रही है। वीडियो शीतल शर्मा नाम की युवती ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया। वीडियो के सामने आने का बाद श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जाहिर की है। मंदसौर विधायक विपिन जैन ने कहा कि भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिमा के सामने ऐसी रील बनाना गलत है। प्रशासन को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि धार्मिक स्थल श्रद्धा के केंद्र होते हैं। यहां से आपत्तिजनक रील वायरल होना आस्थावान लोगों को ठेस पहुंचाता है। इस विषय में कलेक्टर अदिति गर्ग से बात कर कार्रवाई करने की बात कहूंगा। इस मामले में मंदिर समिति के सचिव और एसडीएम रविंद्र परमार ने कहा कि फिलहाल हम युवती की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। पहचान होते ही कार्रवाई की जाएगी।

# अमरकंटक में भजन गायक की डूबने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर, एजेंसी।** अमरकंटक में नर्मदा नदी के रामघाट पर गुरु पूर्णिमा की शाम करीब शाम 5.30 बजे 22 वर्षीय भजन गायक राज भदौरिया की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, राज अपने बड़े भाई अर्जुन भदौरिया और जीजा के साथ गुरु पूर्णिमा पर स्नान करने आए थे। राज और अर्जुन नदी के बीच बने फव्वारे तक पहुंच गए। इसी दौरान राज का पैर फव्वारे की रेलिंग में फंस गया। वह पानी में डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। स्थानीय निवासी कृष्णा पाल चौहान ने राज को पानी से बाहर निकाला। उन्हें तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राज भिंड के बालनपुर के रहने वाले थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। राज अमरकंटक स्थित एक आश्रम के शिष्य थे। वह एक उभरते हुए भजन गायक थे। आश्रम में रहकर अध्ययन कर रहे थे। उनका व्यवहार विनम्र और अध्यात्म के प्रति समर्पित था।



# भण्डारे में डोसा और खिलौने मिले, सांसद ने पूड़ियां तली

**खंडवा।** खंडवा के दादा धूनीवाले मंदिर पर गुरुवार को दिन भर श्रद्धालु दर्शनों को पहुंचे। शाम 7 बजे तक करीब पौने दो लोगों ने दर्शन किए। मेले में भी लाखों श्रद्धालु पहुंचे। रात 8 बजे हजारों लोगों ने मंदिर परिसर में उपस्थित होकर आरती में सहभागिता की। अलग-अलग क्षेत्रों से लोग यहां आए। मंदिर में गुरुपूर्णिमा की एक रात पहले 20 हजार लोगों ने दर्शन किए। इससे पहले एक दिन में 80 हजार से ज्यादा श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। इधर नगर में 500 से ज्यादा जगहों पर भण्डारों का आयोजन हुआ। कहीं डोसा, मंगौड़ी, रोटी, पूड़ी-सब्जी सहित अलग-अलग प्रकार की प्रसादी वितरित की गई।

---

## नगरीय निकाय उपचुनाव : 8 जिलों में भाजपा का दमदार प्रदर्शन

# 6 वार्डों पर लहराया भगवा 3 पर कांग्रेस को मिली जीत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश के 8 जिलों में हुए नगरीय निकाय उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। कुल 9 वार्डों में हुए इन उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 6 सीटों पर जीत दर्ज करते हुए फिर एक बार स्थानीय स्तर पर अपना प्रभाव दिखाया है। वहीं, कांग्रेस को 3 वार्डों में जीत हासिल हुई है।**

यह उपचुनाव भोपाल, इंदौर, छिंदवाड़ा, पन्ना, खरगोन, मंडला, सिवनी और शहडोल जिलों में संपन्न हुए। भाजपा ने जिन वार्डों में जीत हासिल की है, वहां पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पार्टी नेताओं ने इसे जनता के प्रति सरकार की नीतियों पर भरोसे का परिणाम बताया है। हालांकि कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन पार्टी ने जिन तीन वार्डों में जीत दर्ज की है, उसे उसने अपनी रणनीति और कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा बताया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वे जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करते रहेंगे। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि भोपाल जिले के नगरीय निकाय बैरसिया के वार्ड 7 में भारतीय जनता पार्टी की शाइस्ता सुल्तान, नगरीय निकाय सिवनी के वार्ड 11 में भारतीय जनता पार्टी की निधि, इंदौर जिले के नगरीय निकाय सांवेर के वार्ड 7 में इंडियन नेशनल कांग्रेस की हसीना और नगरीय निकाय गौतमपुरा के वार्ड 15 में भारतीय जनता पार्टी के शंकरलाल, मंडला जिले के नगरीय निकाय बिछिया के वार्ड 13 में इंडियन नेशनल कांग्रेस की राजकुमारी धुर्वे, शहडोल जिले के नगरीय निकाय खांड के वार्ड 8 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के शशिधर त्रिपाठी, छिंदवाड़ा जिले के नगरीय निकाय न्यूटन चिखली के वार्ड 4 में भारतीय जनता पार्टी की निकिता बरखे और खरगोन जिले के नगरीय निकाय भीकनगांव के वार्ड 5 में भारतीय जनता पार्टी की कमलेश कौशल को विजेता घोषित किया गया है। पन्ना जिले के नगरीय निकाय ककरहटी के वार्ड 13 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हीरालाल आदिवासी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये हैं।



# रक्षाबंधन पर पूरे दिन बांध सकेंगे राखी

**भोपाल।** रक्षाबंधन का पावन त्योहार 9 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। इस बार का रक्षाबंधन कई विशेष योगों से युक्त है। पूरे दिन भद्रा का प्रभाव नहीं रहेगा, जिससे किसी भी समय राखी बांधी जा सकेगी। इस वर्ष रक्षाबंधन श्रवण नक्षत्र, सौभाग्य योग, बव करण और पूर्णिमा तिथि में मनाया जाएगा। चंद्रमा मकर राशि में स्थित रहेगा। विशेष बात यह है कि 1728 के बाद पहली बार 2025 में 8 ग्रहों की विशेष स्थिति बन रही है। सूर्य कर्क में, चंद्र मकर में, मंगल कन्या में, बुध कर्क में, गुरु और शुक्र मिथुन में, राहु कुंभ में और केतु सिंह राशि में रहेंगे। ज्योतिषाचार्य के अनुसार, इस दिन विभिन्न समय पर अलग-अलग केंद्र त्रिकोण योग बनेंगे। सर्वार्थ सिद्धि योग में प्रात: से दोपहर 2 :40 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा। सायंकाल में भी शुभ योग में राखी बांधी जा सकेगी।

---

# शादी नहीं करने पर दर्ज करवाया था प्रकरण, हाईकोर्ट ने बालिग मानते हुए सजा को किया निरस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** पॉक्सो, दुष्कर्म तथा अपहरण के अपराध में दोषी करार देते हुए दी गई सजा के खिलाफ अपीलकर्ता ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने पाया कि पीड़िता ने स्वयं स्वीकार किया कि आरोपी द्वारा शादी से इनकार करने पर उसने एफआईआर दर्ज करवाई थी। पीड़िता की जन्मतिथि से संबंधित कोई प्रामाणिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया था। उसके माता-पिता के अनुसार वह घटना के समय बालिग थी। इन तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने अपीलकर्ता की सभी सजाएं निरस्त कर दीं।

यह अपील सतना जिले के नौगांव निवासी दीपक लोनी द्वारा दायर की गई थी, जिसे जिला न्यायालय द्वारा पॉक्सो, दुष्कर्म व अपहरण के आरोपों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अपील में कहा गया कि पीड़िता बिना किसी दबाव के स्वयं आरोपी के घर गई थी और पांच दिनों तक वहीं रही। बाद में जब आरोपी ने विवाह से इनकार किया, तो पीड़िता ने मामला दर्ज करवाया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि स्कूल स्कॉलर रजिस्टर के अनुसार पीड़िता की जन्मतिथि मार्च 2006 दर्ज है, जबकि घटना जुलाई 2021 की है। लेकिन दाखिले के समय उसके माता-पिता द्वारा कोई जन्म प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया गया था। वे स्वयं निरक्षर हैं और उनके अनुसार पीड़िता का जन्म वर्ष 2003 के पूर्व हुआ था। उनके अनुसार घटना के समय पीड़िता बालिग थी। कोर्ट ने माना कि पीड़िता बालिग थी और उसने स्वेच्छा से आरोपी के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे, इसलिए आरोपी पर अपहरण, बलात्कार या पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध सिद्ध नहीं होता। इस आधार पर हाईकोर्ट ने अपील स्वीकार करते हुए अपीलकर्ता दीपक लोनी को दोषमुक्त कर दिया।

## संपादकीय

# विदेश मंत्रालय के निशाने पर भगवंत मान

पीएम मोदी के विदेश दौरे को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में तंज कसा था। भगवंत मान के इस तंज को लेकर सियासी पारा चढ़ने लगा है। इस बीच पर गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं की आलोचना वाली टिप्पणी की निंदा की और इसे 'गैरजिम्मेदाराना' करार दिया। मान का नाम लिए बिना मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार 'राज्य के एक उच्च पदाधिकारी' की ओर से की गई उन अनुचित टिप्पणियों से खुद को अलग करती है, जिसमें मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों की अनदेखी की गई है। मान ने प्रधानमंत्री की हाल में संपन्न पांच देशों (ब्राजील, घाना, त्रिनिदाद-टोबैगो, अर्जेंटीना और नामीबिया) की यात्रा की आलोचना की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने ग्लोबल साउथ के मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों के बारे में राज्य के एक उच्च पदाधिकारी की ओर से की गई कुछ टिप्पणियां देखी हैं।' उन्होंने मान की टिप्पणी पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, 'ये टिप्पणियां गैरजिम्मेदाराना और खेदजनक हैं और राज्य के किसी पदाधिकारी को शोभा नहीं देतीं।' जायसवाल ने कहा, 'भारत सरकार मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों को कमजोर करने वाली ऐसी अनुचित टिप्पणियों से खुद को अलग करती है।' मान ने एक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह 140 करोड़ लोगों वाले देश में नहीं रहते, बल्कि 10,000 की आबादी वाले देशों का दौरा करते हैं।

**अर्ज किया है..!**

*प्यार के बंधन ख़ून के रिश्ते*
*टूट गए ख़्वाबों की तरह*
*जागती आँखें देख रही थीं*
*क्या क्या कारोबार हुए*

-बशर नवाज़



**आपका अनुभव कितना गहन है, यह इससे अधिक महत्वपूर्ण है कि आपकी संपत्ति कितनी विशाल है।**

– जग्गी वासुदेव

## महिला जगत

# महाराष्ट्र की मंगला ताई ने 65 की उम्र में संभाली ऑटो की स्टेरिंग

### जिंदगी में नहीं मानी हार



हौंसले उम्र के मोहताज नहीं होते हैं। वहीं जरूरी नहीं कि उम्र ढलने के साथ आप जिम्मेदारी उठाने में असक्षम हो जाएं। इसका एक उदाहरण महाराष्ट्र के सतारा जिले में देखने को मिला, जहां एक 65 साल की बुजुर्ग महिला हर दिन ऑटो रिक्शा चलाकर अपने घर का खर्च चलाती हैं, साथ ही पूरे समाज के लिए प्रेरणा की मिसाल बन चुकी हैं। बुलंद हौसलों वाली इस बुजुर्ग महिला का नाम मंगला अवाले है।

मंगला ताई ने दिखा दिया कि आत्मसम्मान के साथ जीने के लिए उम्र, हालात या लिंग कभी बाधा नहीं बन सकते। उन्होंने ग्रामीण बुजुर्गों, महिलाओं और खासकर उन विधवाओं के लिए नई उम्मीद की रोशनी जलाई है जो समाज से डरकर घर बैठ जाती हैं। आइए जानते हैं मंगला आजी के जीवन संघर्ष के बारे में।

### पति के गुजरने के बाद संभाली जिंदगी की स्टेयरिंग

महाराष्ट्र के सातारा जिले में स्थित नंदगांव नाम के गांव में रहने वाली मंगला ताई का जीवन आसान नहीं रहा। पति के निधन के बाद उन्होंने चार बच्चों की परवरिश अकेले की। मजदूरी करके उन्हें पढ़ाया-लिखाया और अच्छी राह पर डाला। आज उनका बेटा राज्य परिवहन में ड्राइवर है और बेटियों की शादियां हो चुकी हैं।

### उम्र नहीं बनी दीवार, बनी ताकत

डायबिटीज जैसी बीमारी होने के बावजूद मंगला ताई ने अपने इलाज और आत्मनिर्भरता के लिए खुद ऑटो चलाना शुरू किया। उनके बेटे ने उन्हें सिखाया और मात्र 15 दिनों में वो सड़कों पर उतर आईं, वह भी बिना किसी डर के।

### सुबह 9 से शाम 6 तक करती हैं सफर

मंगला ताई रोज सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक कराड से उंडाळे तक यात्रियों को ले जाती हैं। इस मेहनत से वो रोजाना 500 रुपये से 700 रुपये तक कमाती हैं। इतनी उम्र में भी उनका आत्मविश्वास देखकर हर कोई हैरान रह जाता है। वो सिर्फ ऑटो नहीं चला रहीं, बल्कि उन लाखों औरतों के लिए रास्ता बना रही हैं, जो हालात के सामने घुटने टेक देती हैं।

New Delhi

# पंजाब-हरियाणा से ओडिशा तक इन राज्यों में आज भी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मॉनसून अपने अजीब ओ गरीब रंग दिखा रहा है. कुछ राज्यों में आफत की बारिश बरस रही है तो कहीं बारिस तरसा रही है. कृषि पर आधारित ये देश कम बारिश से कई तरह की परेशानियों से जूझ सकता है. वहीं हद से ज्यादा बारिश भी जमीन या फसलों के लिए ठीक साबित नहीं होती. कई राज्य अब भी ऐसे हैं, जिन्हें मूसलाधार बारिश का इंतजार है. वहीं कई बाढ़ और मौसम के कहर से जूझ रहे हैं. आइये जानते हैं, आज कहां-कहां बारिश का अलर्ट है. मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाली एजेंसी, स्काईमेट के मुताबिक, आज (11 जुलाई) ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य



प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर तेज बारिश संभव है. पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर भारत, सिक्किम, बिहार, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, कोंकण व गोवा, तटीय कर्नाटक और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह में भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. वहीं, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम मध्य प्रदेश, आंतरिक कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और लक्षद्वीप में हल्की वर्षा की संभावना है. मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में अगले 24 घंटों के बाद बारिश की तीव्रता में बढ़ोतरी हो सकती है. राजधानी दिल्ली में आज बारिश के साथ आंधी की संभावना है. हालांकि इसके बहुत तेज होने की संभावना नहीं है.

New Delhi

## सावन आज से, कांवड़ियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, दिल्ली से देवभूमि तक गूंजेगा- हर-हर महादेव



**मेरठ/सहारनपुर/दिल्ली, (एजेंसी)** सावन माह शुरू होने के साथ ही पुलिस ने कांवड़ियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। कांवड़ मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है। दो हजार से अधिक सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से कांवड़ मार्ग पर निगरानी रखी जाएगी। बृहस्पतिवार रात 12 बजे से रूट डायवर्जन भी लागू हो गया है। अंबाला और देहरादून रोड फिलहाल वन-वे है। एक तरफ से कांवड़िये निकलेंगे। दूसरी तरफ से हल्के वाहनों को चलने की छूट रहेगी। 17 जुलाई से वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित होंगे।

शुक्रवार से सावन शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही राजधानी का माहौल शिवमय हो जाएगा। सावन के अवसर पर राजधानी के प्रमुख शिव मंदिर गौरी शंकर मंदिर, मादीपुर स्थित शिव मंदिर, यमुना बजार स्थित नीली छतरी वाला मंदिर, आसफ अली स्थित श्रीराम हनुमान वाटिका स्थित शिव मंदिर, कनाट प्लेस स्थित शिव मंदिर, कालकाजी शिव मंदिर, पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी शिव मंदिर आदि शिव मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं।

मंदिरों को सजाया गया है और जलाभिषेक की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इस दौरान दिल्ली समेत उत्तर भारत के हजारों शिवभक्त हरिद्वार, गंगोत्री और गोमुख से गंगाजल लेकर लौटेंगे। शिव भक्त इस जल को अपने-अपने इलाकों के शिवालयों में 23 जुलाई को शिवरात्रि को जलाभिषेक करेंगे।

Paschim Bangal

## टीएमसी लीडर की कार में थीं BJP की महिला नेता, ग्रामीणों ने शराब संग पकड़ा

**जलपाईगुड़ी, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में दो नेताओं की जंगल में शराब पार्टी से विवाद खड़ा हो गया है। खबर है कि इनमें से एक भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष हैं और दूसरे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के पंचायत समिति अध्यक्ष हैं। दोनों को शराब पीते हुए ग्रामीणों ने पकड़ लिया था। मामले का वीडियो भी वायरल हुआ है। फिलहाल, भाजपा और टीएमसी दोनों ने ही इस मामले पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा नेत्री दीपा बनिक अधिकारी हैं। वहीं, टीएमसी नेता पंचानन रॉय है, जो जिला स्तर के नेता हैं। वायरल वीडियो में कार में एक और शख्स नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि वह ड्राइवर है। घटना अपालचंद जंगल के पास हुई है। ग्रामीणों ने कार में तीनों को शराब पीते हुए पकड़ा और जमकर हंगामा किया है। खबर है कि स्थानीय लोगों को लंबे समय तक एक ही जगह कार खड़ी देखकर शक हुआ। जब भीड़ वहां पहुंची और अंदर बैठे लोगों से बाहर आने के लिए कहा तो वह हैरान हो गए कि दोनों भाजपा और टीएमसी के नेता हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बाद में खुलासा हुआ है कि रॉय की तरफ से यह शराब पार्टी आयोजित की गई थी।

Maharashtra

**महाराष्ट्र के स्कूल में 5वीं से 10वीं तक की बच्चियों के साथ हरकत**

## पीरियड्स की जांच के लिए कपड़े उतरवाए...

**ठाणे, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के ठाणे के एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 5 से 10 तक की बच्चियों के कपड़े उतरवाकर चेकिंग की गई। बच्चियों ने अपने पेरेंट्स को बताया कि स्कूल के टॉयलेट में खून के धब्बे मिले थे। जिसके बाद सभी लड़कियों को कन्वेंशन हॉल में बुलाया गया और प्रोजेक्टर पर इसकी तस्वीरें दिखाई गईं। इसके बाद लड़कियों से पूछा गया कि किस-किस को अभी पीरियड्स हो रहे हैं। जिन लड़कियों ने हां में जवाब दिया, उनकी उंगलियों के निशान लिए गए। जिन लड़कियों ने न में जवाब दिया, उन्हें बारी-बारी से टॉयलेट में ले जाकर एक-एक के कपड़े उतरवाकर प्राइवेट पार्ट्स की जांच की गई। पेरेंट्स की शिकायत के बाद पुलिस ने प्रिंसिपल को हिरासत में ले लिया है। जब बच्चियों ने ये बात घर जाकर पेरेंट्स को बताई तो पेरेंट्स स्कूल के बाहर जमा हो गए और हंगामा किया। वे प्रिंसिपल की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल को हिरासत में ले



लिया है और शहापुर पुलिस स्टेशन ले गई है। स्कूल की तरफ से वकील अभय पितळे स्कूल पहुंचे थे, लेकिन अभिभावकों ने उन्हें स्कूल से बाहर निकाल दिया। अभिभावकों ने वकील को घेर लिया और उनकी पिटाई करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सतर्कता से वे बच गए। पुलिस ने प्रिंसिपल को हिरासत में लेकर मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस आगे की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कह रही है।

खेल

# भारत के सामने टिके जो रूट, शतक लगाने से एक रन दूर, गेंदबाजों के सामने धीमी रही इंग्लैंड की रन गति

**लंदन, (एजेंसी)** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन क्रीज पर टिक रहे। रूट अपने टेस्ट करियर का 37वां शतक लगाने से एक रन दूर हैं। इंग्लैंड ने रूट की शानदार बल्लेबाजी की मदद से दिन के खेल की समाप्ति तक पहली पारी में चार विकेट पर 251 रन बनाए हैं। स्टंप्स के समय रूट 191 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 99 रन और कप्तान बेन स्टोक्स 39 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों बल्लेबाजों के बीच अब तक 79 रनों की साझेदारी हो चुकी है।

लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है। जोश टंग की जगह जोफ्रा आर्चर को जगह दी गई है। वहीं, भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि




वह टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनते। इसलिए फैसले का ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। भारतीय टीम में भी एक बदलाव हुआ है। प्रसिद्ध कृष्णा की जगह जसप्रीत बुमराह आए। बुमराह कार्यभार प्रबंध के चलते पिछले मैच में नहीं खेले थे।

पहले गेंदबाजी का न्योता मिलने के बाद नीतीश कुमार रेड्डी ने इंग्लैंड को शुरुआती झटके दिए और दोनों ओपनरों को जल्द पवेलियन भेजा। इंग्लैंड को 43 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा। नीतीश ने बेन डकेट को अपना शिकार बनाया और वह 40 गेंदों में 23 रन बना पाए। नीतीश ने फिर जैक क्राउली को भी अपना शिकार बनाया। उन्होंने सलामी बल्लेबाज को ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। वह 43 गेंदों में 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दो झटके लगने के बाद जो रूट ने ओली पोप के साथ मिलकर पारी संभाली और पहले सत्र में भारत को अन्य सफलता हासिल नहीं करने दी।

रूट और पोप ने दूसरे सत्र में भारतीय गेंदबाजों को काफी परेशान किया जिससे दूसरे सत्र में भारत एक भी विकेट नहीं ले सका। रवींद्र जडेजा ने तीसरे सत्र की शुरुआत में ही भारत को तीसरी सफलता दिलाई। जडेजा ने विकेट के पीछे जुरेल के हाथों कैच कराकर ओली पोप को आउट किया। पोप और रूट के बीच 109 रनों की साझेदारी हुई। पोप अर्धशतक लगाने के करीब थे, लेकिन 44 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद बुमराह ने हैरी ब्रूक को बोल्ड कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया जो 11 रन बनाकर आउट हुए। भारत के लिए अब तक नीतीश ने दो विकेट लिए, जबकि बुमराह और जडेजा को एक-एक सफलता मिली है। इंग्लैंड के लिए भले ही रूट ने शानदार बल्लेबाजी की और पहले पोप तथा बाद में स्टोक्स के साथ साझेदारी निभाई, लेकिन लॉर्ड्स टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड की पारी धीमी रही। बैजबॉल युग में यह किसी टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड का न्यूनतम स्कोर में से एक है।

सिनेमा

## 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक




दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक लगा दी। कोर्ट ने यह रोक तब तक के लिए लगाई है, जब तक केंद्र सरकार इसके कंटेंट पर कोई फैसला नहीं ले लेती। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, हाई कोर्ट का यह आदेश तीन याचिकाओं पर पारित किया गया, जिनमें से एक जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी द्वारा दायर की गई थी, जिसमें उदयपुर में दर्जी कन्हैया लाल तेली की हत्या पर आधारित फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। यह फिल्म 11 जुलाई यानी शुक्रवार को रिलीज होने वाली थी। चीफ जस्टिस डी.के. उपाध्याय और जस्टिस अनीश दयाल की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद केंद्र सरकार को फिल्म की जांच के लिए सिनेमैटोग्राफ अधिनियम की धारा 6 के तहत अपनी पुनरीक्षण शक्तियों का प्रयोग करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार स्वप्रेरणा से या किसी फिल्म प्रमाणपत्र के विरुद्ध किसी पीड़ित व्यक्ति द्वारा दायर आवेदन पर इस शक्ति का प्रयोग कर सकती है। इस मामले में कोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ताओं ने इस उपाय का सहारा नहीं लिया था। हालांकि पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 226 के तहत अपने असाधारण अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप करना अनुचित नहीं है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं को पहले केंद्र सरकार से संपर्क करना चाहिए।

## Highlights

1. Congress MP Tharoor recalls Sanjay Gandhi's role in Indira Gandhi-led Emergency

2. Indian Railways steps up level crossing safety after accident in TN

3. Long queues at hospital in Karnataka as people panic over rising heart attack deaths

4. Court discharges 10 TMC leaders in case of protest outside ECI

# Trump tariffs may be lower for India than other Asia-Pacific countries : Report

**NEW DEIHI, (Agency).** India could emerge as a major beneficiary of the United States' latest tariff policy as Washington may impose lower tariffs on India compared to several other countries in the Asia-Pacific region, according to a report by Arihant Capital.



The report highlighted that India is in a favourable position to attract more foreign investment and strengthen its manufacturing capabilities as global trade flows begin to shift.

The report stated, "US may impose lower tariffs on India compared to many other APAC countries, positioning India to attract more investment."

While countries like Cambodia and Vietnam faced higher tariffs, India could benefit from trade and investment redirection, supported by ongoing bilateral agreements.

The report also pointed out that recent trade developments, such as the signing of the UK-India Free Trade Agreement in May and the ongoing negotiations with the European Union, are expected to boost India's position as a global manufacturing hub.

However, the report cautioned that the US government's push to reshore key manufacturing sectors may limit the overall benefits for India.

On Wednesday, US President Donald Trump announced a new list of tariffs targeting 14 countries. Products from Algeria, Libya, Iraq, and Sri Lanka will face a 30 per cent tariff, while Brunei and Moldova will see a 25 per cent tariff.

Goods from the Philippines will attract a 20 per cent tariff. Brazil has been hit the hardest, with a steep 50 per cent punitive tariff, especially on copper.

President Trump recently extended the tariff implementation deadline to August 1. In the meantime, he has sent formal letters to the governments of the affected countries, informing them of the specific tariff rates that will apply.

# Amazon Prime Day starts slow; Day 1 shoppers drop 41% in US, await better deals as sale extended this time

**NEW DEIHI, (Agency).** Shopping major Amazon extended its annual sale, Prime Day 2025, to four days, up from the usual two in the US and some other markets, aiming to give shoppers more time to browse and make purchases. However, sales performance on the first day fell short of expectations in the US, according to a Bloomberg report.

Momentum Commerce, which oversees Amazon sales for 50 brands across various categories and price points – including Crocs and Beats – reported that its clients saw a 41% drop in sales in the US on Tuesday compared to the start of Prime Day last year.

CEO John Shea said that shoppers are browsing but holding off on purchases. "Shoppers are waiting to see if better deals show up later," he said, adding that shorter Prime Days had previously driven quicker buying decisions.




'Bigger and better' Prime Day, but is that the issue?

Ahead of the event, Amazon had said: "Amazon Prime Day is bigger and better than ever, expanding to four days of exclusive discounts and savings for Prime members July 8–11. Stay informed with the latest Prime Day 2025 updates and helpful shopping tips to make the most out of this year's 96-hour sale."

When asked about Momentum's data, an Amazon spokesperson initially declined to comment.

Momentum, which generates around $7 billion in annual Amazon sales for clients including Crocs, Beats, and Therabody, is considered to have a broad view of Prime Day trends.

After Bloomberg's story was published, Amazon responded via email, saying: "Typical of statements made by third-party consultancies that don't have access to the actual data, these numbers are highly inaccurate." The company did not specify how the figures were inaccurate.

## बीमारी से परेशान हेड कॉन्स्टेबल ने ट्रेन से कटकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। लसूड़िया इलाके में गंभीर बीमारी से परेशान होकर हेड कॉन्स्टेबल जितेंद्र चौहान ने आत्महत्या कर ली। गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे रेलवे ट्रैक पर उनका शव पड़ा मिला। किसी व्यक्ति के ट्रेन से कटने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जितेंद्र की शिनाख्त की। वे थोड़ी देर में आने का कहकर घर से निकले थे।



टीआई तारेश सोनी ने बताया कि घटना कैलाद हाला इलाके की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जितेंद्र चौहान पिछले दो वर्षों से कैंसर और शुगर की बीमारी से जूझ रहे थे और उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही थी। इससे वह मानसिक तनाव में रहते थे। जितेंद्र पहले सेन्ट्रल कोतवाली थाने में पदस्थ थे और जावरा कंपाउंड क्षेत्र में रहते थे। बाद में वह स्कीम नंबर 114 में शिफ्ट हो गए थे। कुछ समय पहले उनका तबादला जोन 2 में हुआ था और डीसीपी एसआईटी टीम में भी सेवा दी थी। इसके बाद उनका ट्रांसफर कनाड़िया थाने में हुआ, लेकिन वहां वह केवल 10 दिन ही काम कर सके। बीमारी के चलते उन्होंने पुलिस लाइन में तबादला करा लिया था और छुट्टी पर चले गए थे। जितेंद्र चौहान अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुरी भेज दिया है और आगे की जांच जारी है।

# ड्यूटी जा रहे हेड कॉन्स्टेबल पर हमला, सिर में गंभीर चोट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। द्वारकापुरी इलाके में बुधवार रात ड्यूटी पर जा रहे हेड कॉन्स्टेबल पर कुछ युवकों ने अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने डंडों और पत्थरों से पुलिसकर्मी पर हमला किया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई है। इसी दौरान उपद्रवियों ने एक हिंदूवादी नेता की कार के भी कांच तोड़ दिए।

घटना द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के लाल ब्रोडी के पास हुई। हेड कॉन्स्टेबल मुन्नालाल चौहान, जो एफआरवी वैन (डायल 100) पर तैनात हैं, को रात में सूचना मिली थी कि क्षेत्र में एक DJ तेज आवाज में बज रहा है। वे चालक के साथ मौके के लिए रवाना हुए। रास्ते में कुछ युवक आपस में झगड़ रहे थे। मुन्नालाल ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन जब वे नहीं माने, तो वह वाहन से डंडा लेकर उतरे। तभी युवकों ने एकजुट होकर उन पर डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। उनके सिर, हाथ और पैरों में चोट आई।



घायल हालत में मुन्नालाल ने थाने को सूचना दी। इसके बाद टीआई सुशील पटेल स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई की। पुलिस ने हमला करने वाले युवकों को दबोच लिया और पिटाई के बाद थाने लाया गया। पथराव के दौरान हिंदूवादी नेता पवन शर्मा की कार भी वहां खड़ी थी, जिसे उपद्रवियों ने नुकसान पहुंचाया। कार के कांच फोड़ दिए गए। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित हेड कॉन्स्टेबल मुन्नालाल चौहान की शिकायत पर हत्या के प्रयास, शासकीय कार्य में बाधा और बलवे की धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं पवन शर्मा की शिकायत पर कार में तोड़फोड़ और उपद्रव को लेकर अलग से कार्रवाई की गई है। पकड़े गए आरोपियों में पीयूष पुत्र जीतू निवासी ऋषि पैलेस, रोहित पुत्र करण, पवन पुत्र रामराज, आकाश, विकास और किशन शामिल हैं। सभी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग दो एफआईआर दर्ज कर ली हैं और पूरे मामले की जांच जारी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक